## खबर संक्षेप

### 3 मरीजों को दिलाई 1 लाख 50 हजार की सहायता

**छिंदवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को लगातार आर्थिक सहायता उपलब्ध करा रहे है। इसी कड़ी में अब सांसद के प्रयासों से 3 मरीजों को 1 लाख 50 हजार की सहायता मिली है। यह राशि मिलने से तीनों मरीजों का अस्पतालों में बेहतर ईलाज हो सकेगा। उल्लेखनीय है कि सांसद श्री साहू लगातार छिंदवाड़ा और पांढुर्णा में दौरा कर रहे है। दौरे के दौरान आर्थिक रूप से कमजोर लोग उनसे ईलाज सहित अन्य कार्यों के लिए सहायता राशि दिलाने की गुहार लगा रहे है। इसी कड़ी में विगत दिनों तीनों मरीजों एवं उनके परिजनों ने सांसद श्री साहू से मुलाकात करते हुए अपनी आर्थिक स्थिति का हवाला दिया और ईलाज के लिए आर्थिक सहायता दिलाने की गुहार लगाई थी। जिसे गंभीरता से लेते हुए सांसद श्री साहू ने भी मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव को पत्र प्रेशित कर तीनों मरीजों को मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से आर्थिक सहायता दिलाने को निवेदन किया था। जिसके आधार पर मुख्यमंत्री श्री यादव ने शहपुरा वार्ड नंबर 5 निवासी सुश्री फरहा पिता यासीन शाह को 45 हजार, चौरई के ग्राम परसगांव निवासी किसनलाल को 65 हजार, एवं बड़कुही वार्ड नंबर 6 निवासी भुवनलाल पिता झाडूलाल चंद्रवंशी को 40 हजार की आर्थिक सहायता दी है। उक्त राशि मिलने पर मरीजों एवं उनके परिजनों ने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव एवं सांसद बंटी विवेक साहू का आभार व्यक्त किया है।

### पेंशनर्स समाज ने मनाया होली मिलन समारोह

**छिंदवाड़ा।** मध्यप्रदेश पेंशनर्स समाज एवं नवजागृति वरिष्ठ जन संगठन द्वारा आयोजित होली मिलन सामारोह में सांसद बंटी विवेक साहू शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने सर्वप्रथम पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सांसद श्री साहू ने समस्त पेंशनर्स समाज के सदस्यों का आर्शीवाद लेते हुए उन्हें होली की शुभकामनाएं दी। इस दौरान कार्यक्रम में कुछ लोगों के द्वारा गीत संगीत की प्रस्तुति भी दी गई। पेंशनर्स ने सांसद श्री साहू को अपनी 11 सूत्रीय मांगों का पत्र भी सौंपा।

## हनुमान लोक पहले चरण का काम मई तक पूरा होगा, एक लाख युवाओं के लिए नौकरियों के अवसर खुलेंगे

# गेहूं 2600 रुपए क्विंटल के भाव से खरीदेंगे: मुख्यमंत्री यादव





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर/पांढुर्णा

सोमवार को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का चमत्कारिक हनुमान मंदिर जाम सांवली में आगमन हुआ, शाम को चमत्कारिक हनुमान मंदिर पहुंचे मुख्यमंत्री श्री यादव ने सीधे चमत्कारिक हनुमान मंदिर में पहुंचकर भगवान श्री का अभिषेक पूजन किया,जनता को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि मै उज्जैन के महाकाल नगरी से आता हूॅमोहगांव का अर्धनारिष्वर एवं जामसांवली का हनुमान भी मेरे लिये महाकाल ही है। ऐसा कैसा हो सकता है कि, मै पांढुर्णा आऊ और जामसांवली ना आऊ। पांढुर्णा जिला मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र का बार्डरवाला जिला है। प्रदेश के 13 अलग-अगल धार्मिक स्थानों पर लोक का निर्माण हो रहा है। जिसतरह धार्मिक क्षेत्रों का विकास हो रहा है, उसीतरह हनुमान लोक का भी विकास होगा। नूतन वर्ष गुडीपाडवा की सभी को बधाई देते हुए कहा कि हनुमान लोक के द्वितीय फेज के सभी कार्य पूरें करेंगे,डॉ यादव ने कहा कि, पांढुर्णा जिला भी उद्योगों का हब बनेगा, सभी वर्गो का कलयाण होगा। सरकारी विभागों में 1 लाख युवाओं को रोजगार दिया जायेगा।गेहू की खरेदी 27 सौ रूपयें प्रति क्विंटल के भाव से खरीदा जाये हमने कहा कि, 26 सौ रूपयें क्विंटल के भाव से आपका भी गेहू सरकार खरीदेगी। संचालन प्रदेश भाजपा प्रवक्ता एड अजय धवले ने किया।

### मंदिर अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने की फेज-2 की मांग

प्रदेश के मुखीया डॉ यादव के समक्ष मंदिर ट्रस्ट कमेटी जामसावली अध्यक्ष गोपाल शर्मा द्वारा हनुमान लोक फेस-1 के कार्यो के प्रगतिरत होने प्रस्तावना रखते हुये प्रस्तावित हनुमान लोक फेस-2 अंतर्गत 65 करोड की कार्ययोजना को स्वीकृत करने का अनुरोध किया। फेज-2 की कार्ययोजना में लगभग 35 करोड की लागत से ट्रस्ट के निर्माणाधिन सर्वसुविधायुक्त एसी प्रवचन हॉल एवं दशन वेटिंग हॉल के उन्नयन कार्य को सम्मिलित करने की बात कही है। जिस पर मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा स्वीकृत करने का मंच से आष्वासन दिया। इस दौरान चमत्कारिक हनुमान मंदिर जाम सावली कमेटी की ओर से मुख्यमंत्री का भगवान श्री मूर्ति की प्रतिमा भेंट कर स्वागत सत्कार किया। इस दौरान आयोजन में सांसद बंटी साहू,पूर्व मंत्री नाना मोहोड, जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड, पूर्व विधायक पं.रमेश दुबे,सहित मंदिर कमेटी के दादाराव बोबडे, टीकाराम कारोकार, शिषिर खंडार,दिलीप बतरा, मोहन ताजने,सौसर भाजपा मंडल अध्यक्ष दर्शन झाडे के साथ कलेक्टर अजय देव शर्मा, पुलिस कप्तान सुंदर सिह कनेश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीरज सोनी आदि उपस्थित थे।



### हनुमानजी का धाम क्यों ना मुस्कराए? पांढुर्ना में उद्योग एवं व्यापार की गारंटी मेरी: सीएम यादव

**पांढुर्ना।** पांढुर्ना में गुरूजी से मिलने आना हो और जामसांवली मंदिर ना आए यह कभी नहीं हो सकता। भगवान राम जब अयोध्या में मुस्करा रहे है तो जामसांवली के हनुमानजी का धाम क्यों ना मुस्कराए ? यह सवाल प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पांढुर्ना जिले के जामसांवली में उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए पूछा। यहां उल्लेखनीय है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री आज पांढुर्ना जिले के ग्राम राजना में पूज्य गुरूदेव श्रद्धेय विवेकजी के आनंदधाम आश्रम में पहुंचे। यहां मुख्यमंत्री महोदय ने नर्मदा मैया की दिव्य पथ परिक्रमा समापन अवसर पर संपन्न दिव्य अनुष्ठान के दौरान लगभग एक घंटे तक चले पूजा एवं हवन में शामिल हुए। इसके उपरांत में दिव्य अनुष्ठान की पूर्णाहुति में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्वयं आहूति डाली। इसके बाद मुख्यमंत्री महोदय जामसांवली के निर्माणाधीन हनुमान लोक का निरीक्षण करने निकल गए। हनुमान लोक के निरीक्षण के बाद आमजनों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हनुमान लोक पहले चरण का कार्य आगामी मई माह तक समाप्त हो जाएगा। इसके उपरांत द्वितीय चरण के कार्य को शुरू किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने संबोधन में आश्वस्त किया कि पांढुर्ना हमारे लिए बॉर्डर का जिला जरूर है मै गारंटी ले रहा हूं कि यह जिला उद्योग एवं व्यापार स्थापित करने में किसी से पीछे नहीं रहेगा। प्रदेशभर में हमारी सरकार युवाओं, किसानों, बहनों एवं सभी नागरिकों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अनेक जनहितैषी योजनाएं चला रही है।



## अरिहंत स्कूल का चौरई में हुआ शैक्षणिक सेमिनार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

रविवार को चौरई के सिवनी रोड स्थित होटल अनेकांत पैलेस मे अरिहंत इंटरनेशनल स्कूल जो कि नागपुर रोड छिंदवाड़ा में स्थित है द्वारा शैक्षणिक सेमिनार का सफल आयोजन किया गया जिसमे बड़ी संख्या मे पालकों, पत्रकार बंधुओ और चौरई के अन्य गणमान्य नागरिकों ने उपस्थिति दी।

इस शैक्षणिक सेमिनार का मुख्य उद्देश्य लोगो को आई.सी.एस.ई. बोर्ड तथा छिंदवाड़ा के प्रथम आई.सी.एस.ई. मान्यता प्राप्त अरिहंत इंटरनेशनल स्कूल के बारे मे जानकारी देना ताकि छोटे शहर के लोग भी महानगरों की तर्ज पर आई.सी.एस.ई. बोर्ड के स्कूल मे अपने बच्चों को पढ़ा सके। इस सेमिनार मे उपस्थित लोगो की आई.सी.एस.ई. बोर्ड के विषय मे जिज्ञासाओ और प्रश्नों का समाधान प्राचार्य श्री रविशंकर माथुर द्वारा किया गया जिसमे उन्होंने आई.सी.एस.ई. बोर्ड तथा अरिहंत इंटरनेशनल स्कूल के बारे मे विस्तार से जानकारी दी। प्राचार्य रविशंकर माथुर द्वारा बताया गया कि अरिहंत इंटरनेशनल स्कूल मे किस तरह प्रैक्टिकल, अन्य प्रयोगों एवं विविध आधुनिक विधियों के साथ ही कुशल एवं अनुभवी शिक्षको द्वारा अध्यापन कराया जाता है।

विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए स्विमिंग पूल, बास्केट बॉल कोर्ट, क्रिकेट कोर्ट, फुटबॉल ग्राउंड, टेनिस कोर्ट, आदि सुविधाए दी जाती है। सेमिनार मे बड़ी मात्रा में चौरई के गणमान्य नागरिक, पालकगण, एवं पत्रकार बंधुओ ने उपस्थिति दी। सेमिनार का सफल संचालन कॉर्डिनेटर नम्रता नाइक, शिखा मित्रा, प्रेरणा जैन और मानसी शर्मा ने किया। विजेन्द्र तिवारी द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

## नेशनल मूट कोर्ट कॉम्पीटिशन के फाइनल में पहुंची ओस दुबे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, जालंधर (पंजाब) द्वारा आयोजित 6 वें गैवेल्ड नेशनल मूट कोर्ट कॉम्पीटिशन के फाइनल में पहुंचकर छिंदवाड़ा निवासी ओस दुबे ने शानदार उपलब्धि हासिल की है।



छिंदवाड़ा के बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष और वरिष्ठ अधिवक्ता रहे स्व. रवि दुबे ओस के दादा और वरिष्ठ पत्रकार हर्षित दुबे ओस के पिता हैं। नेशनल मूट कोर्ट कॉम्पीटिशन का आयोजन 20 से 22 मार्च तक लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, जालंधर (पंजाब) में किया गया। इसमें पारुल यूनिवर्सिटी वडोदरा (गुजरात) की टीम छिंदवाड़ा की ओस दुबे के नेतृत्व में शामिल होकर फाइनल में पहुंची और इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान हासिल किया। उल्लेखनीय है कि इस प्रतियोगिता में कुल 66 टीमों ने भाग लिया, जिसमें 6 राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों (NLUs), 34 केंद्रीय एवं राज्य विश्वविद्यालयों, 12 प्रसिद्ध निजी विश्वविद्यालयों और 14 अन्य प्रतिष्ठित लॉ कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों के बीच पारुल यूनिवर्सिटी के पारुल इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ ने अपनी श्रेष्ठता साबित की।इस टीम की लीडर छिंदवाड़ा की ओस दुबे (बीबीए.एलएलबी, तृतीय वर्ष) के साथ वडोदरा की कशिका वर्मा (बीबी ए. एल एल बी, द्वितीय वर्ष) और मणिपुर की हिलेरी चानू (एलएलबी, द्वितीय वर्ष) भी शामिल थीं। छिंदवाड़ा के विद्याभूमि पब्लिक स्कूल और भोपाल के सेंट मॉंट फोर्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल से पढ़ाई के बाद ओस दुबे पिछले तीन वर्षों से पारुल यूनिवर्सिटी वडोदरा में अध्ययन कर रही हैं।

## भोपाल का टूर ऑपरेटर गिरफ्तार

### टूर पैकेज के नाम पर धोखाधड़ी करने के लगा आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



कोतवाली पुलिस ने टूर पैकेज के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले आरोपी हिमांशु शर्मा को भोपाल से गिरफ्तार किया है। पीड़ित अमित राय ने 16 फरवरी 2025 को हिमांशु शर्मा से गुवाहाटी के लिए चार फ्लाइट टिकट बुक कराए थे। इसके लिए उन्होंने हिमांशु शर्मा को यूपीआई के माध्यम से 50,000 रुपये का भुगतान किया था। लेकिन, हिमांशु शर्मा ने न तो टिकट बुक किए और न ही पैसे वापस किए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने आरोपी हिमांशु शर्मा को उसके कार्यालय से गिरफ्तार किया। आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से VOILA QUEST कंपनी का रजिस्ट्रेशन, VOILA QUEST की सील और दो मोबाइल फोन जब्त किए हैं। आरोपी का बैंक खाता फ्रीज किया जा रहा है।

## भगत सिंह, राजगुरू व सुखदेव को दी श्रद्धांजलि

**छिन्दवाड़ा:-** आजाद भारत के लिए शहीद दिवस एक ऐसा खास दिन है जिसे वर्तमान व इतिहास के पन्नों में हमेशा ही याद किया जाएगा। भारतवर्ष की आजादी के लिए अनेकों क्रांतिकारियों ने हंसते-हंसते अपने प्राणों की आहुति दे दी। उन्हीं वीर सपूतों में भगत सिंह, राजगुरू व सुखदेव का भी नाम शामिल है। जिनकी शहादत की याद में 23 मार्च को प्रतिवर्ष अनुसार कांग्रेस ने इस वर्ष भी शहीद दिवस मनाया। शहर कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने एकता पार्क के समीप स्थित शहीद स्मारक पहुंचकर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। अंग्रेजी हुकूमत ने भगत सिंह, राजगुरू व सुखदेव को फांसी दी थी। हालांकि उन्हें फांसी देने की तारीख एक दिन बाद की थी, किन्तु देशवासियों के जनआक्रोश से घबराई हुई अंग्रेजी हुकूमत ने एक रात पहले ही चुपके से भगत सिंह, राजगुरू व सुखदेव को फांसी दे दी। वीर देशभक्तों ने भी हंसते-हंसते अपनी जान भारत के नाम कर दी।

### पर्यटकों को अच्छी सुविधाएं देने के दिए सुझाव

# टूरिज्म बोर्ड के अधिकारीद्वय ने किया होम स्टे का निरीक्षण

**छिंदवाडा।** मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा विकसित किए गए पर्यटन ग्रामों व वहां बनाए गए होम स्टे का निरीक्षण बोर्ड के दो सदस्यीय दल ने किया। अधिकारियों ने पर्यटन ग्राम धूसावानी, चिमटीपुर, काजरा व देवगढ़ के होम स्टे देखें और पर्यटकों को और बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध करवाने के कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। अधिकारियों ने काजरा और देवगढ़ में रात रूककर सारी व्यवस्थाओं व पर्यटन संबंधी गतिविधियों को नजदीक से देखा व समझा। छिंदवाड़ा पर्यटन प्रबंधक श्री गिरीश लालवानी ने बताया कि मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड से ज्वाइंट डायरेक्टर श्री प्रशांत सिन्हा व डिप्टी डायरेक्टर श्री युवराज पडोले तीन दिवसीय दौरे पर छिंदवाड़ा के पर्यटन ग्रामों में पहुंचें। पर्यटन प्रबंधक श्री लालवानी ने दोनों अधिकारियों को छिंदवाड़ा कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह व सीईओ जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार द्वारा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे विशेष प्रयासों की जानकारी दी। अधिकारीद्वय को जिला प्रशासन द्वारा तामिया व देवगढ़ के विकास के लिए बनाई जा रही कार्ययोजना से अवगत करवाया गया। होम स्टे व पर्यटन स्थलों के प्रचार के लिए बने ब्रोशर, पोस्टर देखकर अधिकारी प्रसन्न हुए व जिला प्रशासन की सराहना की। दोनों अधिकारियों ने पर्यटन ग्राम धूसावानी, चिमटीपुर, काजरा व देवगढ़ के सभी होम स्टे देखे। ग्राम में आने वाले पर्यटकों के लिए होने वाली गतिविधियों के बारे में जाना।

## विहिप की बैठक में कार्यकर्ताओं को सौंपी जिम्मेदारी

**छिंदवाड़ा।** विश्व हिंदू परिषद छिंदवाड़ा की विभाग बैठक में विहिप महाकौशल प्रांत मंत्री श्री उमेश मिश्र जी की उपस्तिथि मे कार्यकर्ताओ को मिली जिम्मेदारी। विश्व हिंदू परिषद ने जिला उपाध्याक्ष गुड्डा रघुवंशी,नगर



अध्यक्ष की जिम्मेदारी टीनू घारू को दी। जिला सह विधि प्रमुख हृदयेश श्रीवास्तव को मिली जिम्मेदारी। विहिप नगर उपाध्यक्ष रमेश चन्द्रवंशी। मातृशक्ति जिला संयोजिका श्रीमती नेहा वर्मा जी सहसंयोजक सुमन डेहरिया जी मातृशक्ति नगर संयोजिका कांता वानखेडेदुर्गा वाहिनी जिला संयोजिका पारुल यादव सहयोजीका परी यादव, सहसंयोजिका सलोनी गोस्वामीवही बजरंग दल की नई जिला टोली का भी विस्तार हुआ। जिसमे जिला सह सुरक्षा प्रमुख रविराज भारद्वाज, बजरंगदल ज़िला गौरक्षा प्रमुख आकाश कहार , जिला बल उपासना प्रमुख रितेश वर्मा, जिला मिलन प्रमुख चेतन यादव,जिला विद्यार्थी प्रमुख हिमालय दाढ़े, नगर मिलन प्रमुख अंशुल यादव इनको जिम्मेदारी दी गयी।



## ग्रामीणों को आवागमन में मिलेगी सुविधा, ग्रामीणों में खुशी की लहर

# भमोड़ी में 40 साल बाद सड़क का हुआ डामरीकरण



हरिभूमि न्यूज परासिया

ग्राम पंचायत भमोड़ी में मुख्य मार्ग का 40 साल बाद कायाकल्प हुआ । अरसे से ग्रामीणों द्वारा सड़क के जीर्णोद्धार के लिए लगाई जा रही गुहार अब रंग लाई है । सड़क के डामरीकरण होने से लोगों ने राहत महसूस की ।ग्राम भमोड़ी में मुख्य मार्ग अत्यंत जर्जर अवस्था में था । लगभग चालीस वर्ष पूर्व वेकोलि ने इस मार्ग का डामरीकरण कराया था । खदान बंद होने के बाद वेकोलि प्रबंधन ने इस ओर ध्यान नही दिया । ग्राम पंचायत द्वारा पूर्व में कुछ स्थानों पर सीमेंट क्रांकीट सड़क बनाई गयी थी , लेकिन कालांतर में वह भी उखड़ गई । यह मार्ग भमोड़ी बस स्टैंड से न्यूटन तथा चांदामेटा को जोड़ता है । जिसके कारण वाहनों की आवाजाही लगी रहती है । वेकोलि द्वारा लगभग 1200 मीटर सड़क का डामरीकरण कराया जा रहा है । सरपंच विपिन श्रीवास्तव ने बताया , कि सड़क अधिक क्षतिग्रस्त हो गयी थी ,बड़े गड्ढे होने से आम लोगों को बहुत मुश्किल होती थी । सड़क निर्माण के लिये ग्रामवासियों द्वारा आंदोलन किया गया । उन्होंने बताया , कि संकल्प लिया गया था , कि जब तक सड़क निर्माण नही होगा तब तक कोई भूमिपूजन नहीं किया जाएगा । वर्तमान में ग्राम में पंचायत भवन , 2 आंगनबाड़ी भवन , यूरिनल , पुलिया , सड़क , नाली निर्माण के कार्य चल रहे है या पूर्ण हो चुके हैं , किसी का भूमिपूजन नही किया गया था । ग्राम पंचायत भमोड़ी की मांग पर और सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयास से बस स्टैंड से रामपुरी तिराहा सड़क तक मार्ग बन रहा हैब। उन्होंने बताया कि रेल्वे स्टेशन तथा नार्थचांदामेटा सड़क निर्माण कराये जाने की प्रक्रिया चल रही है ।

### कांग्रेस ने मनाया बलिदान दिवस

**जुन्नारदेव।** अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित किआज विधायक एवं ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में अमर शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के बलिदान को नमन करते हुए बलिदान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ नेताओं ने बारी-बारी से शहीदों के जीवन, उनके संघर्ष और देश के प्रति उनके अतुलनीय योगदान पर प्रकाश डाला।इस अवसर पर शहीदों के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वरिष्ठ जन एवं युवा शक्ति ने भारी संख्या में उपस्थित रहें।



## आईवीओ ने मनाया सरदार भगत सिंह का बलिदान दिवस



हरिभूमि न्यूज सौंसर

रविवार 23 मार्च को शहीदे ए आजम सरदार भगत सिंह , राजगुरु, सुखदेव के सर्वोच्च बलिदान दिवस पर आई वी ओ सौसर टीम ने दोपहर 1 बजे आई वी ओ कार्यालय सौसर में नगर पालिका परिषद के पीछे कार्यालय पर ₹अमर शहीद सरदार की शहादत दिवस मनाया गया। ओर डॉ . राम मनोहर लोहिया जी की जयंती को भी मनाया गया। सर्वप्रथम सरदार भगत सिंह और डॉ. राम मनोहर लोहिया के छाया चित्र पर पुष्प माला चढ़ाकर अमर शहीद सरदार भगत सिंह, राजगुरु सुखदेव अमर रहे, भारत माता की जय के गगन भेदी नारों के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई , इस दौरान एड. रामशिल सूर्यवंशी , एस आर शेंडे, प्रदीप ठाकरे , प्रभाकर आकोटकार डॉ. अनूप सिंह ने अपने विचार रखे ओर मदन चावके द्वारा सुन्दर देश भक्ति गीत प्रस्तुतिया दी। वक्ताओं के द्वारा निरंतर विगत कई वर्षों से आईवीओ के टीम के द्वारा सामाजिक नगर हित एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के साथ शहीदों की मनाई जारी जयंती और अन्य कार्यक्रमों को प्रशंसा की,आयोजन का संचालन वेटरन प्रदीप कलसकर जिला महासचिव ने किया।

## मानव कल्याण, महाकल्याण, जनकल्याण के लिए सार्वजनिक प्याऊ का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज जुन्नारदेव

विश्व जल दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन जी मार्गदर्शन एवं ब्लाक समन्वयक श्री संजय कुमार बामने जी के उपस्थिति में MSW छात्रा सविता जावरे के नेतृत्व में ग्राम हिरदागढ़ चौराहे शिवपाल राठौर के ग्राहक सेवा केन्द्र के सामने राहगीरों के लिए पीने के पानी व्यवस्था की गई । इस अवसर पर श्री शिवपाल राठौर ने संकल्प लिया कि जनमानस कि सेवा के लिए प्रतिदिन मटका पात्र में जल भरेंगे, जिससे की आने जाने वालों को आसानी से जल मिल सके।ब्लाक समन्वयक संजय कुमार बामने जी ने उपस्थित जनों को जल के महत्व से अवगत कराया। इस अवसर पर ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति चयनित नवांकुर संस्था दृष्टि सामाजिक विकास एवं कल्याण संस्था अध्यक्ष बुनेश राजबैठे, परामर्शदाता गोविंद नन्दवंशी, आयुषी मालवीय, सुभाष यदुवंशी, शिवपाल राठौर, सुरेश यदुवंशी, सुधाकर वरवड़े, आरती उईके, धनोती यदुवंशी दिनेश यदुवंशी आदि उपस्थित थे।

## सरकारी भूमि में अतिक्रमण कर बना रहे मकान

**दमुआ।** सरकारी भूमि मे अतिक्रमण कर मकान बना रहे लोग सरकारी भूमि में लोग अपना अवैध कब्जा कर कोई मकान बना रहे हैं जिसको जहां समझ में आ रहा है लोग वहां सरकारी भूमि में अवैध कब्जा कर रहे हैं वैसे भी अधिकांश सरकारी जगह भूमि में लोगों ने अपना कब्जा जमा लिया है चाहे शासकीय जगह भूमि राजस्व विभाग की क्यों ना हो बड़े झाड़ की भूमि की बात करें और वन भूमि क्यों ना हो नगर पालिका दमुआ के निकाय क्षेत्र अंतर्गत सरकारी जगह में अतिक्रमण किया गया है और संबंधित विभाग अधिकारीगण मौन सादे बैठे हुए चाहे वन विभाग की बात करें या फिर राजस्व विभाग सरकारी नगर पालिका दमुआ राजस्व विभाग अमला द्वारा अतिक्रमण कारियो पर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है दमुआ सिद्धनाथ धाम टेकरी किनारे वन परीक्षेत्र अंतर्गत सरकारी जगह भूमि पर कब्जा अतिक्रमण कर नया मकान बनाया जा रहा है जो कि नगर पालिका दमुआ के निकाय क्षेत्र वार्ड क्रमांक 13 के अंतर्गत शासकीय भूमि के तहत अधिक अवैध अतिक्रमण किया गया है के दायरे में आ रही है लोगों के द्वारा सरकारी लैंड भूमि में कब्जा कर अतिक्रमण किया जा रहा है परंतु अतिक्रमण कारियो पर शासन प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है।

## मां कर्मा स्वर्ण जयंती पर दो दिवसीय आयोजन आज से

हरिभूमि न्यूज छिंदवाड़ा

जिला साहू सभा छिंदवाड़ा एवं राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन इकाई छिंदवाड़ा के संयुक्त तत्वाधान में तैलीक समाज की आराध्य देवी संत शिरोमणि मां कर्मा स्वर्ण जयंती के अवसर पर दो दिवसीय आयोजन किया जा रहा है विशाल वाहन रैली एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आजसमाज की आराध्य देवी मां कर्मा की इस वर्ष नगर में स्वर्ण जयंती महोत्सव के अवसर पर विशाल वाहन रैली का आयोजन मां कर्मा की पूजन आरती के साथ आज समय दोपहर 3 बजे से बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु , युवा एवं मातृशक्तियो की विशाल रैली दशहरा मैदान से होकर बस स्टैंड , यातायात थाना , केसरी नंदन मंदिर , चार फाटक , श्याम टॉकीज , गांधी गंज , रेलवे स्टेशन से होकर साहू समाज मंगल भवन सिवनी रोड में रैली का समापन होगा तत्पश्चात संध्या कालीन कार्यक्रम शुभारंभ शाम 6 बजे से मां कर्मा की महाआरती , छप्पन भोग अर्पण के साथ होगा कार्यक्रम की श्रृंखला में नन्हे मुन्ने बच्चे रंगारंग गीत संगीत नृत्य फैंसी ड्रेस की मनमोहक अलबेली प्रस्तुती प्रस्तुत करेंगे तदोपरांत स्वरूचि भोज एवं पारितोषिक वितरण के साथ कार्यक्रम विश्राम की घोषणा होगी ।विशाल सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन कलजिला साहू सभा छिंदवाड़ा एवं राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन इकाई छिंदवाड़ा के संयुक्त तत्वाधान में लगभग 40 नवयुगल जोड़े का विवाह सामाजिक रीति रिवाज से स्थान दशहरा मैदान में संपन्न कराया जाएगा , इस भव्य कार्यक्रम में समूचे जिला ही नहीं अपितु पूरे प्रदेश के साथ राष्ट्रीय स्तर से पदाधिकारी एवं लगभग 50 हजार सामाजिक बंधु अपनी उपस्थिति दर्ज कर सामाजिक महाकुंभ का पुण्य लाभ अर्जित करेंगे ।



### सांसद बंटी विवेक साहू आज विभिन्न कार्यक्रम में शामिल होगें

**छिन्दवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू सोमवार को विभिन्न कार्यक्रम में सामिल होगें। सांसद श्री साहू सुबह 10.30 बजे कालीमठ के पास कुम्हारी मोहल्ला छिन्दवाडा में श्रीमद भागवत कथा में पहुंचगें, सुबह 11 बजे गुरूद्वारा छिन्दवाडा में पाठ एवं लंगर के कार्यक्रम में शामिल होंगे, सुबह 11.30 बजे गांधी गंज में दीनदयाल रसोई के सामने लाल पैथलॉजी द्वारा स्वास्थ्य शिविर में पहुंचगें, दोपहर 12 बजे ग्राम गांगीवाडा में न्यू चंचलेश इंटरप्राइजेस दुकान की ओपनिंग करेंगे, दोपहर 1 बजे ग्राम सिहोरा मडका में संगीतमय श्रीमद भागवत ज्ञानयज्ञ में शामिल होंगे, दोपहर 2 बजे गाजनदेव मंदिर ग्राम झिरना पोस्ट धनौरा तहसील हर्रई मे श्रीमद भागवत कथा में शामिल होंगे, शाम 4 बजे ग्राम झिरपा तामिया के ग्राम खंचारी में छुटटनशाह मसेकोले के निवास पहुंचगें, ग्राम झिरपा के गेस्ट हाउस में भाजपा कार्यकताओं के साथ भेंट करेंगे।

## 8वें पूर्वोत्तर युवा महोत्सव सिक्किम में महाविद्यालय ने की सहभागिता

हरिभूमि न्यूज कटंगी।




राष्ट्रीय सेवा योजना मध्य प्रदेश के राज्य एन एस एस अधिकारी , राज्य एन.एस.एस अधिकारी, डॉ मनोज अग्निहोत्री के नेतृत्व में सहभागिता की एवं डॉ राजकुमार वर्मा युवा अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना भारत सरकार के मार्गदर्शन में एवं डॉ शोभाराम मेहरा कार्यक्रम समन्वयक रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर के सहयोग से एवं जंगजीलोंग युवा अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय, गुवाहाटी एवम नकुल चंद देओरी युवा अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय, गुवाहाटी के विशेष सहयोग से तथा मध्य प्रदेश के दल प्रभारी पवन सोनी कार्यक्रम अधिकारी एन.एस.एस. राजा भोज शासकीय महाविद्यालय कटंगी बालाघाट के साथ चार स्वयंसेवकों जय प्रकाश पटले (राजा भोज शासकीय महाविद्यालय कटंगी), अभी साहू, सावित्री गोंड, आकांक्षा चढ़ार का दल 17 मार्च से 20 मार्च 2025 तक आयोजित होने वाले 8 वें पूर्वोत्तर युवा महोत्सव में सहभागिता की । कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय महामहिम ओमप्रकाश माथुर राज्यपाल सिक्किम के द्वारा किया गया जिसमें पूर्वोत्तर के आठ राज्य असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मिजोरम, सिक्किम, नागालैंड, त्रिपुरा, मेघालय एवं भारत के 22 अन्य राज्यों की राष्ट्रीय सेवा योजना ने सहभागिता की । मध्य प्रदेश राष्ट्रीय सेवा योजना ने गंगटोक के प्रसिद्ध स्थल एम.जी. मार्ग पर अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुति दीकार्यक्रम के समापन दिवस सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग जी के मुख्य अतिथि में संपन्न हुआ इस कार्यक्रम में पवन सोनी ने मध्य प्रदेश राज्य की तरफ से मुख्यमंत्री का अभिवादन किया। महाविद्यालय के लिए यह पहला अवसर था जब किसी कार्यक्रम अधिकारी एवं महाविद्यालय के स्वयं सेवक को राष्ट्रीय स्तर पर यह अवसर प्राप्त हुआ है।

### तार खरीदने वाले कबाड़ी दुकान के मालिक को पुलिस ने नहीं बनाया आरोपी

## विद्युत मंडल के तार चोरी मामले में 2 युवक गिरफ्तार, भेजा जेल

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** नगर के वार्ड नम्बर 13 में स्थित एक कबाड़ी की दुकान से शनिवार को बरामद किए गए चोरी के तारों के मामले में वारासिवनी पुलिस ने लालबर्रा क्षेत्र के ग्राम कामठी से 2 युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया हैं। इस मामले में वारासिवनी पुलिस की भूमिका पूरी तरह से संदिग्ध नजर आ रही हैं। क्योंकि नगर में कबाडियों की कई दुकानें हैं, लेकिन आज तक किसी भी कबाड़ी की दुकान की पुलिस द्वारा छानबीन नहीं की गई और ना ही कोई तलाशी ली गई। शनिवार को भी जो कार्यवाही की गई, वह मध्यप्रदेश विद्युत मंडल के अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा जानकारी देने के बाद ही की गई।

विदित हो कि कुछ महीनों पूर्व मध्यप्रदेश विद्युत मंडल के पोलों से एल्यूमिनियम के तार व कंडक्टर लगातार चोरी हो रहे थे। जिनकी रिपोर्ट विद्युत मंडल के अधिकारियों द्वारा पुलिस थाना वारासिवनी में की गई थी। रिपोर्ट के अनुसार चोरों ने लगभग 3 लाख 17 हजार रुपये के तार चोरी कर लिए थे। विद्युत विभाग द्वारा की गई रिपोर्ट के बाद भी पुलिस निष्क्रिय बैठी रही। लेकिन विद्युत विभाग के अधिकारी-कर्मचारी चोरी का पता लगाने के लिए प्रयासरत रहे। जिसका परिणाम यह निकला कि उन्हें जानकारी मिली कि एक कबाड़ी की दुकान में चोरी के तारों को बेचा गया हैं। जिसके बाद उन्होंने दुकान में पहुँच कर छापामार कार्यवाही की और चोरी के तारों के दुकान में रखे हुए दिखाई देने पर उसकी सूचना पुलिस थाने को दी। जिसके बाद पुलिस विभाग के अधिकारी कबाड़ी की दुकान में पहुँचे, जहाँ से 2 क्विंटल एल्यूमिनियम के तार बरामद किए गए। जिसकी लागत लगभग एक लाख रुपये बताई जा रही है। उसके बाद पुलिस ने चोरों की तलाश प्रारंभ की और मुखबिर की सूचना के आधार पर लालबर्रा क्षेत्र के ग्राम कामठी से 2 युवकों क्रमशः विनोद पिता भैयालाल उइके उम्र 24 व सूर्यशेखर ऊर्फ सूर्या पिता बालचंद मसराम उम्र 33 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। इन दोनों युवकों के खिलाफ बीएनएस की धारा 303(2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया हैं और न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया हैं।



## टिहली बाई शासकीय माध्यमिक विद्यालय ने घोषित किया कक्षा 6वीं व 7वीं का परीक्षाफल

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** प्रदेश की ख्याति प्राप्त शिक्षा संस्था टिहली बाई शासकीय माध्यमिक विद्यालय ने कक्षा 6 वीं एवं 7 वीं के छात्र- छात्राओं की वार्षिक परीक्षा के परिणाम समारोहपूर्वक घोषित कर कीर्तिमान रचा गया।

परीक्षा परिणाम घोषित करने से पूर्व मुख्य अतिथि प्रणय श्रीवास्तव, पालक शिक्षक समिति अध्यक्ष विनोद डाहके, पूर्व अध्यक्ष धनेंद्र सोनेकर, प्रधानाध्यापक पंचम हनवत, पालक जितेंद्र पिछोड़े, संध्या भगत, पूजा पंडोरिया, शिक्षक शलभ बैस, शिक्षिका अंजू वासनिक, अंजू नगपुरे, शीला ठाकुर एवं कार्यक्रम संचालक संतोष वाल्दे ने विद्या की देवी मॉ सरस्वती की पूजा अर्चना कर पुष्प अर्पित किए। छात्राओं ने सरस्वती वंदना की एवं स्वागत गीत गाया।

शाला के प्रधान अध्यापक पंचम हनवत ने कक्षा 6 वीं एवं 7 वीं के छात्र-छात्राओं के परीक्षा परिणाम घोषित कर बताया कि सभी कक्षाओं में छात्राओं ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया है। छात्रों को भी इस दिशा में पढ़ाई में ध्यान लगाकर उच्च गुणवत्ता स्थापित करना है। सभी प्रतिदिन शिक्षा सत्र में नियमित रूप से अध्ययन करें। परीक्षा परिणाम समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि प्रणय श्रीवास्तव अश्क ने सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को जीवन में शिक्षा का महत्व समझाते हुए सदैव परिश्रम एवं लगन से अध्ययन करने की प्रेरणा देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की।अतिथियों के कर कमलों से कक्षा सातवीं में प्रथम कुमारी माही चौबे, द्वितीय कुमारी मेघा सहारे, तृतीय कुमारी प्रियल देवे, कक्षा 6 वीं में प्रथम प्रेरणा मरठे, द्वितीय बरखा बसेने, तृतीय प्रियंका मरठे को उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### ग्राम पंचायत कोचेवाही का मामला, पुलिस ने किया मामला दर्ज

# जमीन पर कब्जे को लेकर सरपंच ने ग्रामीण पति-पत्नी को पीटा

***महिला को आई गंभीर चोटें, सिविल अस्पताल में कराया भर्ती***




**हरिभूमि न्यूज लांजी।** लांजी थानांतर्गत ग्राम पंचायत कोचेवाही में एक व्यक्ति को सरकारी जमीन पर कब्जा कर मंहगा पड़ गया जिसको लेकर ग्राम के सरपंच संतोष यादव ने ग्रामीण पति-पत्नी को जमकर पीट दिया। जिसका ग्रामीणों ने वीडियो भी बनाकर वायरल कर दिया है। घटना की जानकारी अनुसार ग्राम कोचेवाही निवासी हरिचंद यादव पिता फिरतू यादव ने बताया की वह ग्राम कोचेवाही में रहता है और खेती किसानी का कार्य करता है। तथा ग्राम की ही शासकीय भूमि पर लगभग 35 से 40 वर्षों से कब्जा करके खेती कर रहा हूं। तथा उक्त जमीन के पट्टे के लिये तहसील कार्यालय में आवेदन लगा दिया है। 23 मार्च की सुबह 09 बजे जब मैं अपनी पत्नी के साथ खेत में कार्य कर रहे थे तभी ग्राम का सरपंच संतोष यादव एवं उसके साथ त्रिलोक यादव, महेन्द्र यादव व बालचंद बिंझवार आये और जमीन से कब्जा हटाने की बात कहते हुए मेरी बाड़ी को तोडऩे लगे। जिसे मैने बाड़ी को तोडऩे से मना किया तो सरपंच संतोष यादव ने मुझे गंदी-गंदी गालियां देते हुए मारपीट करने लगे जिसमें उसके साथ त्रिलोक यादव, महेन्द्र यादव व बालचंद बिंझवार भी मारपीट करने लगे। मेरे साथ मारपीट होते देख मेरी पत्नी सरस्वती बाई आई तो संतोष यादव ने मेरी पत्नी के साथ भी मारपीट की।

पति को सरपंच और उसके साथियों से पिटता देख पत्नी सरस्वती बाई अपने पति को बचाने गई तो सरपंच ने उसे भी गंदी-गंदी गालियां देते हुए लकड़ी और हाथ मुक्कों से जमकर पीटा और पटक दिया। सरस्वती बाई ने बताया की सरपंच द्वारा बहुत ही गंदी-गंदी गालियां देते हुए मुझसे मारपीट की है। उक्त घटना में महिला को चेहरा, कमर, पीठ, हाथ और पैर में गंभीर चोट आई जिसे उपचार हेतु सिविल अस्पताल लाकर भर्ती किया गया है। वहीं झगड़े को देख बलराम यादव, आनंद यादव, किशन यादव बीच बचाव करने आए और झगड़े को शांत कराया। मारपीट की घटना में मुझे सिर के पास और पीठ में चोट आई है। पीडित हरिचंद यादव ने बताया की सरपंच संतोष यादव द्वारा मेरी जमीन के पट्टे का आवेदन पत्र, पंचनामा मुझसे ले लिया है तथा मुझे जान में खत्म करने की धमकी भी दी है। उक्त घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने कोचेवाही सरपंच संतोष यादव एवं त्रिलोक यादव, महेन्द्र यादव व बालचंद बिंझवार के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 अधिनियम की धारा 296, 115(2), 351 (3),3(5) के तहत मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

**ग्राम के विकास और शासकीय कार्य में बाधा पहुंचा रहा है हरिंचदः** वहीं इस संबंध में ग्राम कोचेवाही के सरपंच संतोष यादव ने कहा की शासन की योजनाओं का ग्रामीणों को लाभ पहुंचाने के उदद्रेश्य से ग्राम में मीनाक्षी तालाब का निर्माण कराया जा रहा है। परंतु हरिचंद यादव एवं उसके परिवार द्वारा शासकीय भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया जिसे हटाने के लिये उसे समझाईश दी जा रही थी परंतु ग्राम में ही मुझसे राजनीतिक द्वेष रखने एवं ग्राम विकास में बाधा पहुंचाने वाले लोगों द्वारा पहले मनरेगा में कार्य कर रहे मजदूरों को गाली गलौच की गई और उसके बाद मारपीट करने लगे जिसके बाद जवाब के तौर पर हमने भी उन्हे पीटा है। परंतु कुछ लोगों द्वारा सिर्फ हमारे द्वारा की जा रही मारपीट का वीडियो बनाकर हमे बदनाम करने की नीयत से कार्य किया जा रहा है, जो उचित नहीं है। संतोष यादव ने कहा की हरिचंद यादव द्वारा शासन प्रशासन को भी गलत जानकारी दी जा रही है की उक्त भूमि पर वह 30 सालों से कब्जा कर रखा है परंतु यह पूरी तरह गलत है उक्त शासकीय भूमि पर 2 या 3 सालों से ही कब्जा किया है जिसे खाली करने के लिये हमारे द्वारा कहा जा रहा है।

### ग्राम पंचायत साडरा में सरपंच की मौजूदगी में बनाया पंचनामा

## अवैध उत्खनन की शिकायत पर ग्राम साडरा पहुंचे तहसीलदार और खनिज इंस्पेक्टर



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** जनपद क्षेत्र लांजी अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत साडरा के लालटोली में जहां पर मीनाक्षी तालाब का कार्य चालू था परंतु उक्त तालाब विवादित भूमि में होने का कारण कार्य रूका हुआ है। जहां पर 22 मार्च की रात्रि में उत्खनन माफियाओं द्वारा रात के अंधेरे का फायदा उठाते हुए उक्त मीनाक्षी तालाब से रात भर मुरूम मिट्टी का उत्खनन किया गया। जिसकी शिकायत ग्राम के जागरूक लोगों द्वारा लांजी एसडीएम को की गई, एवं कलेक्टर बालाघाट को भी इस संबंध में अवगत कराया गया था। जिसके बाद लांजी एसडीएम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए नायब तहसीलदार संजय बारस्कर को मौका स्थल जाकर जांच करने के आदेश दिये गये। वहीं कलेक्टर बालाघाट द्वारा माइनिंग इंस्पेक्टर दुर्गेश डहेरिया को भी मौका स्थल पर जाकर जांच करने के निर्देश दिये गये थे। जिसके बाद 23 मार्च की दोपहर नायब तहसीलदार एवं माइनिंग इंस्पेक्टर दुर्गेश डहेरिया द्वारा संयुक्त रूप से ग्राम पंचायत साडरा के लालटोली स्थित मीनाक्षी तालाब पहुंचे और ग्राम सरपंच की मौजूदगी में नामब तहसीलदार ने उक्त अवैध उत्खनन स्थल का पंचनामा बनाकर वरिष्ठ अधिकारियों को रिपोर्ट भेज दी है। वहीं खनिज विभाग द्वारा भी ग्राम पंचायत साडरा के शमशान घाट रोड पर अवैध उत्खनन कर रोड पर डाली गई मुरूम का पंचनामा तैयार कर मामले को संज्ञान में लिया और अग्रिम कार्यवाही हेतु विभाग को रिपोर्ट सौंपी।

**कलेक्टर की सतत निगरानी से रूक सकता है अवैध उत्खननः** उल्लेखनीय है की बालाघाट में जब से कलेक्टर के रूप में मृणाल मीणा पदस्थ हुए है तब से सभी विभागों में कसावट देखने को मिल रही है। वहीं शासकीय कार्यो में भी प्रगति देखने को मिल रही है। इसी उम्मीद से अब क्षेत्र के लोगों द्वारा जिला कलेक्टर से लांजी क्षेत्र में हो रहे अवैध उत्खनन पर लगाम लगाने की अपील की है। लोगों का कहना है की कलेक्टर द्वारा अगर लांजी क्षेत्र के अधिकारियों को अवैध उत्खनन को रोकने के सख्त निर्देश दिये जाएंगे तो क्षेत्र के प्राकृतिक एवं खनिज संपदा को बचाया जा सकेगा और पर्यावरण का संतुलन भी बरकरार रहेगा।

## खबर संक्षेप

### मारुति वैन मारी टक्कर दो स्कूली बच्चे घायल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के घंसौर में पेट्रोल पंप के पास एक मारुति वैन ने स्कूल से घर लौट रहे दो बच्चों की स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों बच्चे घायल हो गए हैं। घटना शुक्रवार दोपहर 2.30 बजे की है। हादसे में घायल बच्चों की पहचान निमिता विश्वास और सुखदीप विश्वास के रूप में हुई। दोनों बच्चे स्कूल से अपने गांव मेहता जा रहे थे। घंसौर पेट्रोल पंप के पास वैन ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हो रहा इलाज स्थानीय लोगों ने तुरंत घंसौर पुलिस और 108 एंबुलेंस को सूचना दी। घायल बच्चों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। वहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि वे लगातार लोगों से सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की अपील कर रहे हैं। लेकिन लोगों की लापरवाही से ऐसी दुर्घटनाएं हो रही हैं।

### भागवत कथाः निकाली गयी कलश शोभायात्रा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** गोरखपुर गांव में शनिवार से शुरू हुए श्री मद्भागवत सप्ताह कथा को लेकर कलश शोभा यात्रा निकली गयी। बाजेगाजे के साथ निकाली गई शोभायात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामवासी, श्रद्धालुजन उपस्थित रहे। कथा आयोजन डॉ. राधेश्याम-ममता राहंगडाले ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा दोपहर 2 बजे से शाम 6 तक कथा व्यास पंडित दिनेश मिश्रा नंदीकेश्वर धाम सिवनी द्वारा सुनाई जा रही है। श्रीमद्भागवत कथा को लेकर कथा वाचक आचार्य श्री दिनेश मिश्रा ने प्रथम दिन श्री भागवत महात्म्य पर प्रवचन किया गया। उन्होंने कहा कि संसार का कोई दुःख नहीं है जिसका समाधान इस कथा से न हो। जब धुंधकारी जैसे पापी का उद्धार हो गया तो अन्य प्राणी क्या है। जरूरी है श्री गोकर्ण जैसा कथा वाचक हो। कथा व्यास पंडित दिनेश मिश्रा ने कहा कि जिन पर परमात्मा की विशेष कृपा हुई है, वही इस कथा मंडप में पहुंचे हैं। कहा, जीव ईश्वर का स्वरूप होते हुए भी ईश्वर को पहचानने का प्रयत्न नहीं करता है। इसी कारण उसे आंनद की प्राप्ति नहीं होती है। भागवत जीवन दर्शन का ग्रंथ है। यह जीवन जीने की कला का मार्ग दर्शन करता है। भागवत की भक्ति का आदर्श कृष्ण की गोपियां हैं। गोपियों ने घर नहीं छोड़ा। उन्होंने स्वधर्म त्याग नहीं किया वे वन में नहीं गई फिर भी वह श्री भगवान को प्राप्त कर सकीं। भागवत ज्ञान, वैराग्य को जागृत करने की कथा है। ज्ञान और वैराग्य मनुष्य के अंदर हैं, पर वह सोए हुए हैं। भागवत के अलावा अन्य कोई ग्रंथ नहीं जो मनुष्य मात्र को सात दिन में मुक्ति का मार्ग दिखा दे। कथा आगामी शनिवार 29 मार्च को हवनपूजन, महाप्रसाद एवं पूर्णाहुति के साथ विश्राम लेगी।

### पुलिस ने 6 सटोरी एवं 9 जुआरियों को किया गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता जुआ-सट्टा एवं अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्त है कोतवाली पुलिस द्वारा जुआ-सट्टा रेड कार्रवाई की जाती रही हैं एएसपी गुरुदत्त शर्मा एवं सीएसपी पूजा पांडे के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस द्वारा जुआरियों एवं सटोरियों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए अलग-अलग नील गिरी हनुमान मंदिर, अमन होटल के पास 6 सटोरियों एवं 9 जुआरियों को धर दबोचा। मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि शंकर मढ़िया एवं पुरानी सब्जी मंडी के पास कुछ लोग तास के पत्तों पर रुपये-पैसे का दाब लगाकर हार जीत का खेल खेल रहे हैं जो थाना प्रभारी कोतवाली सतीश तिवारी द्वारा टीम गठित कर अलग-अलग स्थानों पर घेराबंदी कर दबिश देकर रेड कार्यवाही की गई। जिसमें शिवलाल उइके पिता तीबलू उइके 50 वर्ष निवासी के. के. कालोनी सिवनी। छोटू पिता रब्बू खान 50 साल निवासी लक्ष्मी नारायण मंदिर के पास सिवनी। मनत्रा कुर्वेती पिता टन्टू कुवैती 65 वर्ष निवासी ग्राम बिहिरिया थाना चंडोल। संदीप दुबे पिता संतोष दुबे 30 साल निवासी जनता नगर सिवनी।रामलाल उड़के पिता अंतराम उड़के 41 वर्ष निवासी ग्राम बिंझावाड़ा थाना हुण्डसिवनी। विष्णु यादव पिता महासिंह यादव 36 वर्ष निवासी ग्राम कुर्सीपार चौकी पलारी सिवनी। बाबू पिता नुबीन शाह 32 साल निवासी जनता नगर सिवनी। भागवत पिता दादू राम इनवाती 40 साल निवासी बंडोल। संजय पित्ता रामसिंह सनोडिया 50 साल निवासी काली चौक सिवनी 09 जुआरियों को पकडऩे में सफलता प्राप्त हुई।

## पचधार एवं कान्हीवाड़ा के मिट्टी कला के बर्तन हो रहे उपेक्षित

# गरीबो का फ्रिज की गर्मी में बढ़ जाती है मांग

**प्राचीन काल से मिट्टी के बर्तनों का विशेष महत्व रहा है, घरों में सजाने से लेकर भोजन बनाने तक के लिए इन बर्तनों का उपयोग किया जाता रहा है, ग्रामीण अंचलो में आज भी इन बर्तनों में खाना बनाने का प्रचलन देखने को मिलते है, मिट्टी के बर्तन या पात्र में भोजन करना शुभ माना जाता है, समय बदला मिट्टी से चीनी मिट्टी के बर्तन प्रचलन मे आ गये और समय के अनुसार स्टील पीतल, कांसा, चांदी सोने के भी बर्तनों का उपयोग प्रारंभ हुआ लेकिन इन सब के बावजूद प्रतिस्पर्धा की दौड में मिट्टी के बर्तन आज भी देखे जाते है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



जिले में खासतौर पर कान्हीवाड़ा के मटको की मांग गरमी में बढ जाती है लोग यहां की सुराही, मटका हाडी आज भी शौक से ले जाते है इस मटको का पानी फ्रिज की तरह ठंडा रहता है जो गरमी में प्यास बुझाता है, लोग इसे गरीबों का फ्रिज भी कहते है।

मिट्टी के अनेक शिल्पकार नागपुर रोड पर खवासा के निकट पचधार में भी है जो घरों को सजाने के लिए झूमर दीपक सिनरी आदि बनाते है जिससे होने वाली आय से वह अपने परिवारों का भरण पोषण भी करते है।

वैसे तो जिला पंचायत विभाग का अजीविका मिशन यहां की बनी वस्तुओं का प्रचार प्रसार करता है, मगर स्थायी दुकाने ना होने से मिट्टी के कलाकारों को वर्ष भर इसका लाभ नहीं मिल पाता। वैसे पूर्व कलेक्टर भरत यादव ने इस व्यवसाय को प्रोत्साहित करने खवासा में हाट बाजार भी प्रारंभ किया था लेकिन बाद में वह बंद हो गया। नगर मुख्यालय में गर्मी में मटको की दुकाने शंकर मढ़िया विवेकानंद वार्ड मठ गणेश चौक भैरोगंज में देखने को मिलती है। इस व्यवसाय को वैसे तो कुम्हार या प्रजापति समाज वर्षो से करता चला आ रहा है, वे बताते है कि इस व्यवसाय के लिए मिट्टी लाना, मटको को भट्टे लगाकर पकाने के लिए मिट्टी तथा लकडी नहीं मिलती है और मिलती भी है तो इनका मूल्य अधिक होता है ऐसे में मटको के दामों में वृद्धि हो रहा है वैसे तो आज के आर ओ और शुद्धता में इससे अच्छा साधन ठंडे पानी के लिए दूसरा नहीं है मगर शासन को इस व्यवसाय को प्रोत्साहित करने के लिए सहयोग देना चाहिए।

वर्तमान में सांचे में ढले रोटी बनाने के तवे चम्मच कटोरी, चाय के कप कुल्लड पानी की बाटल टंकी आदि भी बन रही है लोगों की मांग को पूरा करती है बस इन बर्तनों के विक्रय के लिए मौका मिले।

# देर रात्रि पुलिस अधीक्षक ने किया थानों का औचक निरीक्षण

**पुलिस अधीक्षक द्वारा निरीक्षण दौरान थाने के मालखाने, रिकॉर्ड रजिस्टर, व्हीसीएनबी, माइक्रो बीट रजिस्टर एवं थाने की अन्य व्यवस्थाओं का लिया जायजा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



पुलिस महानिदेशक पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा प्रदेश के जिलों के समस्त वरिष्ठ अधिकारियों को आकस्मिक रूप से अपने जिले के थानों का आकस्मिक निरीक्षण करने हेतु निर्देश प्राप्त हुए, इसी तारतम्य में आज दिनांक 23.03.25 को पुलिस अधीक्षक श्री सुनील मेहता द्वारा जिले के थाना बंडोल एवं थाना लखनादौन का देर रात्रि में औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना परिसर का निरीक्षण, मालखाने, रिकॉर्ड रूम, जरायम रजिस्टर, माइक्रबीट रजिस्टर, सीसीटीव्ही कैमरा, थानो में चस्पा माइक्रो बीट फ्लेक्स, व्हीसीएनबी को चेक किया गया, बंदीगृह, कंप्यूटर कक्ष, शस्त्रागार, एवं थाने पर रखे बलवा ड्रिल सामग्री जैसे बॉडीगार्ड, हेलमेट, जाली, लाठी आदि को भी चेक किये एवं ड्यूटी पर उपस्थित थाने के अधिकारी व कर्मचारी से चर्चा कर उनके द्वारा संधारित माइक्रोबीट रजिस्टर को चेक कर उसको अद्यतन करने हेतु निर्देशित किया गया तथा विवेचको से ई-साक्ष्य एवं ई-रक्षक एप का अधिकाधिक उपयोग हेतु निर्देशित किया गया साथ ही गस्त में लगे अधिकारी/कर्मचारी को चेक कर प्रभावी गस्त करने हेतु निर्देशित किया गया इसके साथ निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को दूर करने हेतु सम्बंधित थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नगर पुलिस अधीक्षक सिवनी श्रीमती पूजा पांडे थाना बंडोल में उपस्थित रहीं।



### अनियंत्रित होकर लोडिंग वाहन पलटा

सिवनी के थाना छपारा क्षेत्र में घुनई घाटी में लोडिंग वाहन के अनियंत्रित होकर पलट जाने से घायल हुए व्यक्ति को डायल-112/100 एफ आर व्ही ने अस्पताल पहुंचाया सिवनी के थाना छपारा क्षेत्र में घोघरी गांव के पास घुनई घाटी में एक लोडिंग वाहन पलट गया हैं 01 व्यक्ति घायल हो गए है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112/100 भोपाल में दिनाँक 22-03-2025 को प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल छपारा थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112/100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112/100 स्टाफ सैनिक उदय सिंह एवं पायलेट वैद कुमार ने घटना स्थल पर पहुँचकर बताया कि लोडिंग वाहन के अनियंत्रित होकर पलट जाने से प्रीतम बैरागी पिता अनुपदास उम्र 35 साल निवासी जबलपुर घायल हो गया था ।

### इधर, पेप्सी से भरा अनियंत्रित होकर मिनी ट्रक पलट

सिवनी। जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर छपारा थाना क्षेत्र के घोघरी गांव के पास पेप्सी से भरा एक मिनी ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ट्रक ड्राइवर घायल हो गया। घटना शनिवार दोपहर 1 बजे की है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, मिनी ट्रक जबलपुर से सिवनी की ओर जा रहा था। घोघरी गांव के पास पहुंचते ही वाहन अनियंत्रित हो गया और पलट गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत 108 एंबुलेंस और छपारा पुलिस को सूचना दी। डायल 100 की टीम ने घायल ड्राइवर को अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है। छपारा पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस लगातार लोगों से सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की अपील कर रही है। इसके बावजूद लोगों की लापरवाही के कारण ऐसी दुर्घटनाएं हो रही हैं।

# फर्जी पेपर बनाकर रजिस्ट्री करने वाले के खिलाफ आदेश जारी, प्रशासन हुआ सख्त




**सिवनी जिले में भूमाफियाओं द्वारा फर्जी पेपर बना कर जमीन बेचकर लाखो-करोड़ो रुपए कमाने का खेल खेला जा रहा है भूमाफियाओं का राजस्व के कर्मचारियों के साथ सांठ गांठ कर यह खेल सालो से चल रहा है फर्जी पेपर तैयार करने में राजस्व के कर्मचारियों का पूरा सहयोग रहता है बिना सहयोग के जमीन के फर्जी पेपर तैयार नही हो सकते है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिले के कुरई विकास खंड ऐसा ही एक मामला देखने को मिला है। जंहा भूमाफिया द्वारा मृत व्यक्ति की जमीन को गलत तरीके से फर्जी कागज बनाकर अपने नाम करके बेचने का मामला सामने आया है। शिकायत होने के बाद प्रशासन कुंभकरणी नींद से जागा है । मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने रजिस्ट्री को शून्य करने के लिए संबंधित व्यक्ति को नोटिस जारी किया है।

शिकायतकर्ता के द्वारा शिकायत में कहा गया है कि गांव के ही कुछ लोगों ने फर्जीवाड़ा कर परिवारिक भूमि को अपने नाम करवाया और बाद में उसे अन्य व्यक्तियों को बेच दिया है। ओर लाखो रुपए फर्जी तरीके से कमा लिए।

कार्यालय से जारी पत्र के अनुसार कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, सिवनी के पत्र क्रमांक/ 1151/अ0कले0/2025 सिवनी दिनांक 17/02/2025 के अनुसार आवेदक अर्पित तिवारी द्वारा एक शिकायत पेश कर लेख किया है कि ग्राम सेवनकन्हापर रा0नि0मं0 कुरई तहसील कुरई जिला सिवनी स्थित भूमि खसरानं0 66 रकबा 1.93 हे0 भूमि मुन्नेलाल पिता कन्हैया के नाम पर भूमि स्वामी दर्ज थी। मुन्नेलाल की मृत्यु सन 1987-88 में हुई थी।

ग्राम के एक अन्यत व्यक्ति जिसके पिता का नाम मुन्नेलाल था जिसकी मृत्यु 4 जनवरी 2008 को ग्राम रमपुरी में हुई है उसका मृत्यु प्रमाण पत्र बनवा कर कूटरचित तरीके से फौती नामातंरण करवा लिया गया एवं उक्ते भूमि को विक्रय कर दिया गया। जिसमें सूरत पिता मुन्नेलाल पिता जगन ग्राम मुकद्दम, ग्राम कोटवार ग्राम पंचायत सरपंच, ग्राम सचिव, दलाल प्रहदाल डहरवाल, पटवारी अजय गजभिये, नायब तहसीलदार कुरई, के साथ खरीदारगण रीता पति आकाश खंडेलवाल, कोमल मालू का शामिल होने का लेख किया गया है। फर्जी रजिस्ट्री के मामले में प्रशासन ने अब पेपर प्रकाशन करने का आदेश दे दिया है ताकि संबंधित व्यक्ति को न्यायालय में उपस्थित होने का अवसर दिया जा सके। अर्पित तिवारी को 27 मार्च 2025 को न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कुरई के समक्ष अन्य दस्तावेज लेकर उपस्थित होने के लिए कहा गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रशासन ने फर्जी रजिस्ट्री के मामले में स्थानीय अधिकारियों को भी अवगत कराया है और कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी को रिपोर्ट भेजी गई है। मामले की पूरी जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।।

# गांव में घूम-घूमकर महिलाओं ने कच्ची शराब लाहन किया जब्त, सड़क पर अवैध शराब को फेंका



**सिवनी में शनिवार को करीब 40 महिलाओं ने गांव में घूम-घूमकर अवैध शराब को जब्त किया। इसके बाद शराब को सड़क पर बहा दिया।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

आरोप है कि गांव में अवैध शराब की बिक्री से माहौल खराब हो रहा है। महिलाओं ने बताया कि

### प्रशासन पर कार्रवाई न करने का आरोप

कई बार शिकायत के बाद भी प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की है । आदिवासी समाज के लोगों के अनुसार, गांव में लंबे समय से अवैध शराब का धंधा चल रहा था।

इससे गांव का माहौल खराब हो रहा था। शराब की लत के कारण घरों में कलह बढ़ रही थी। महिलाएं घरेलू हिंसा का शिकार हो रही थीं। इस समस्या को देखते हुए समाज के बुजुर्गों ने बैठक की। सभी ने मिलकर शराब बंदी के लिए आंदोलन छेड़ने का फैसला लिया। अवैध शराब और लाहन को महिलाओं ने सड़क पर फेंका। महिलाओं का कहना है कि प्रशासन कार्रवाई नहीं कर रहा था। उन्हें खुद अपने गांव को बचाने के लिए आगे आना पड़ा। महिलाओं ने अवैध शराब बिक्री के खिलाफ नारेबाजी भी की। मामले की जानकारी मिलने पर एसडीएम बिशन सिंह गौड़ मौके पर पहुंचे। उन्होंने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# ग्राम दरगड़ा में डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण और न्याय और सम्मान की पुर्नस्थापना

**सिवनी।** जिला के तहसील लखनादौन के अंतर्गत आने वाली ग्राम दरगड़ा, धूमा, लखनादौन में 22 मार्च 2025 को ग्राम दरगाडा के लोगों द्वारा बड़ी संख्या में हर्ष उल्लास के साथ बैंड बाजे डीजे फटाका के साथ ग्राम की महिलाएं बच्चे बुजुर्ग युवा के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों से पहुंचे सभी अंबेडकर अंबेडकर वादियों ने पूरे ग्राम में रैली निकाल कर नारा लगाया जब तक सूरज चांद रहेगा बाबा तेरा नाम रहेगा बाबा साहब अमर रहे रैली पश्चात बाबा साहब की प्रतिमा के पास जाकर रैली एकत्रित हुई उसके पश्चात बौद्ध भिक्षु भंते जी द्वारा बौद्ध वंदना के पश्चात बाबा साहब अम्बेडकर की प्रतिमा का अनावरण हुआ एक महत्वपूर्ण घटना घटी, जब भारतीय संविधान के निर्माता, डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की नई प्रतिमा का अनावरण किया गया। यह घटना न केवल एक उत्सव थी, बल्कि परम पूज्य डॉक्टर बाबासाहेब अंबेडकर की प्रतिमा को कुंठित व घटिया मानसिकता वाले उन अज्ञात और आसामाजिक तत्वों को करारा जवाब था जिन्होंने 10-11 फरवरी 2025 को मध्य रात्रि बाबा साहब की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त किया था उस दुखद घटना का जवाब था।

**अनावरणः** सम्मान की पुनस्र्थापना 22 मार्च को, बहुजन समाज पार्टी के सिवनी जोन, उमाकांत बंदेबार, सिवनी प्रभारी डोमन लाल अहिरवार, जिला अध्यक्ष बहुजन समाज पार्टी लाल सिंह नंदौरे, जनपद पंचायत अध्यक्ष पार्वती डूमारी उईके जनपद सदस्य गीता नरेंद्र अहिरवार जिला पंचायत सदस्य श्रीमती भगवती रतन परते



गोंडवाना गणतंत्र पार्टी जिला अध्यक्ष गंगाराम मरावी भाजपा मंडल अध्यक्ष धूमा प्रशांत पटेल सामाजिक कार्यकर्ता चेतराम बकोड़े एडवोकेट जुगल किशोर नंदोरे अंशुल अग्रवाल दरगाडा नीके लाल अहिरवार छब्बीलाल कमलेशिया दुर्गेश कुमार उईके जिला अध्यक्ष युवा जी एस यू आई सुक्कू लाल बरकड़े गोंडवाना गणतंत्र पार्टी जिला पंचायत सदस्य रामकुमार सैयाम जबलपुर रिटायर्ड आर्मी मेन गौरी शंकर नेमा सरपंच राजकुमार सैयाम ग्राम पंचायत दरगाडा पूर्व उपसरपंच कृपाल सिरवाया सचिव तूफान सिंह पटेल रोजगार सहायक प्रीतम यादव सहित कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में नई प्रतिमा का अनावरण किया गया। यह घटना उस अपमान का जवाब थी, जो 10-11 फरवरी को डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा के क्षतिग्रस्त होने से हुआ था। ग्रामीणों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मिलकर नई प्रतिमा स्थापित की, जो न्याय और सम्मान की पुनस्र्थापना का प्रतीक है।

क्षतिः अपमान और आक्रोश

10-11 फरवरी 2025 की रात को, अज्ञात व्यक्तियों ने ग्राम दरगड़ा में डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया था। प्रतिमा की दाहिनी उंगली और पैर को नुकसान पहुँचाया गया था। इस घटना से ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया, और उन्होंने 14 फरवरी को एक विशाल आंदोलन का आह्वान किया था।

घटना का विवरणः 11 फरवरी 2025 को, ग्राम दरगड़ा, मध्य प्रदेश में डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा क्षतिग्रस्त पाई गई। प्रतिमा का दाहिना हाथ और पैर क्षतिग्रस्त पाया गया। अज्ञात व्यक्तियों ने प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाने का प्रयास किया।

**प्रतिक्रियाः ग्रामवासियों और भीम आर्मी ने घटना की निंदा की**

ग्राम सरपंच, सचिव और अन्य ग्रामीणों ने घटनास्थल का दौरा किया। ग्रामीणों ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।


**तनाव और अपील**

घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल था। ग्रामीणों ने शांति बनाए रखने की अपील की। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अज्ञात व्यक्तियों की तलाश कर रही है। ग्रामीणों ने पुलिस से दोषियों को जल्द गिरफ्तार करने और कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने शांति और सद्भाव बनाए रखने की भी अपील की है। यह घटना न केवल डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर का अपमान थी, बल्कि पूरे देश का अपमान थी। 22 मार्च को नई प्रतिमा का अनावरण उस अपमान का करारा जवाब है, और यह न्याय और सम्मान की पुनस्र्थापना का प्रतीक है।

**जल है तो कल है थीम पर कर्मचारी प्रीमियर लीग सीजन प्रथम ग्रीन बाल नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ**

# सदभावना मैच पत्रकार 11 ने जीता





**केवलारी।** दैनिक कर्म के पश्चात ,मानसिक ओर शारिरिक रुप से स्वस्थ जीवन की परिकल्पना व क्रिकेट के प्रति युवाओ मे लगाव पेदा होने की सोच पर स्थानीय प्रशासन के द्वारा एम्पालाई प्रीमियर लीग ग्रीन वाल क्रिकेट टूर्नामिंट का आयोजन दिनांक 22 मार्च 2025 का शाम 7 :15 वजे श्री अजय कुमार अहिरवार जज सिविल न्यायालय के मुख्य आतिथ्य, महेश अग्रवाल एसडीएम, अशीष भराडे एसडीओपी, सतीश चौधरी तहसीलदार के विशिष्ट आतिथ्य व गणमान्य नागरिको की उपास्तिथी मे शुभारंभ हुआ। 22 मार्च से 2 अप्रेल तक आयोजित होने बाले इस प्रतियोगिता की शुरुआत केवलारी नगर के गणमान्य नागरिक 11 एवं पत्रकार संघ 11 के मध्य सद्भावना मैच के रूप में 10 ओवर का मैच खेलकर शुरु हुआ। टॉस जनप्रतिनिधि 11 ने जीत कर पहले वेंटिग कर 9 विकेट के नुकसान पर 79 रन बनाया।सेकेंड पारी मे पत्रकार संघ 11 ने शानदार प्रदर्शन कर जीत दर्ज किया । पत्रकार संघ के राजद्दीप रहांगडाले ने धुआंधार बल्लेबाजी से पत्रकार संघ की जीत हासिल कर सातवें ओवर में ही 80 रन का लक्ष्य को हासिल कर लिया। मैच के मैन ऑफ द मैच मनीष अवस्थी, श्रमजीवी पत्रकार संघ के ब्लॉक अध्यक्ष रफीक खान को बेस्ट फील्डर का अवार्ड मिला।रमाशंकर महोबिया वरिष्ठ पत्रकार ,राजेंद्र मेहरा,अशोक बंदेवार टीम को प्रोत्साहित करते लिखाई दिये।मैच में जनप्रतिनिधि 11 में सचिनअवधिया, अनुप बघेल, अरुण चौरसिया ,डॉक्टर अविनाश तिवारी,अशीष चोरासिया, आशिक खान ,अशीष बघेल ,रजनीश राय, दुर्गेश साहू,विभाष बघेल ,रानू ठाकुर, अशीष जैन,मुकेश तिवारी एवं पत्रकार 11 मे मनीष जैन ,सुधीर पांडेय, रफीक खान, पवन यादव, विनोद सिसोदिया,राजदीप राहांगडाले, मनीष अवस्थी,नीलेश अवधिया, नोशादखान,जातिन जैन,मोहित कुमार टीम मे शामिल रहे।शानदार कमेंटरी कर रहे शिव चौधरी उपाध्यक्ष नगर परिषद की हसी के गुब्बारे से स्टेडियम मे आनंद उत्सव सा बातावरण बना रहा।आयोजन समिति के मुख्य कर्ता संतोष पाठक,तुषार मसराम महिला बाल विकास विभाग,अखिलेश राय ,शाक्ति शुक्ला राजस्व विभाग, बंटी सराठे स्वास्थ विभाग, के अथक प्रयास व महेश अग्रवाल एसडीएम, अशीष भराडे एसडीओपी की प्रेरणा से नगर मे हो रहे रात्रिकालीन मैच की चहु ओर चर्चा चल रही है।

मात्र 999/sq.Ft में प्लाट उपलब्ध
गौतम बुद्ध बिहार सिटी
सर्व सुविधा युक्त कॉलोनी रेरा अप्रूव्ड टी एन सी पी विकास अनुमति डायवर्टेड कॉलोनी
बरघाट बाईपास से कटंगी बाईपास, न्यू डूडा सिवनी थाना के पास ग्राम छिड़िया पलारी सिवनी संपर्क 9589249192, 8871779192

## खबर प्रकाशन के बाद भी नहीं जागे जिम्मेदार पुलिस विभाग के आला अधिकारी

# लालबर्रा में कबाड़ी दुकानों का अवैध धंधा: चोरी का सामान खुलेआम बिक रहा, प्रशासन मौन

### बिना लाइसेंस के कबाड़ कारोबार फल-फूल रहा, चोरी की घटनाओं में वृद्धि, पुलिस-प्रशासन की निष्क्रियता पर सवाल

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

लालबर्रा शहर में अवैध कबाड़ व्यापार ने जड़ें जमा ली हैं। चोरी का सामान, सरकारी संपत्ति से जुड़ी सामग्री और वाहनों के महंगे पुर्जे कबाड़ी दुकानों में खुलेआम बिक रहे हैं। गली-मोहल्लों से लेकर मुख्य बाजारों तक अवैध कबाड़ का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है,लेकिन स्थानीय प्रशासन और पुलिस इसे रोकने में पूरी तरह विफल नजर आ रहे हैं। स्थिति यह हो गई है कि थाना क्षेत्र के आसपास चोरी का सामान आसानी से उपलब्ध है। इन दुकानों पर पुलिसकर्मियों की आवाजाही तो रहती है,लेकिन कार्रवाई का नामोनिशान नहीं है। नागरिकों का आरोप है कि पुलिस की मिलीभगत से यह अवैध व्यापार बढ़ रहा है,जिससे चोरी की घटनाएं भी तेजी से बढ़ रही हैं।

**अपराध की जड़ बन चुकी हैं कबाड़ी दुकानें:** कबाड़ी दुकानों में चोरी हुए सामान की बिक्री एक आम बात हो चुकी है।स्थानीय लोगों के अनुसार,बिना किसी दस्तावेज के वाहनों के इंजन,बैटरी,वायरिंग, लोहे के पाइप और सरकारी संपत्ति के सामान यहां बेचे जा रहे हैं। कई दुकानों के पास वैध लाइसेंस तक नहीं हैं,लेकिन इसके बावजूद इन पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही। विशेषज्ञों का मानना है कि चोरी का माल आसानी से कबाड़ियों के पास पहुंचने के कारण अपराधियों को भी बढ़ावा मिल रहा है। बड़े गिरोह इन दुकानों को चोरी का सामान खपाने का अड्डा बना चुके हैं, जिससे वाहन चोरी और अन्य अपराध बढ़ते जा रहे हैं।

**कैसे पहुंच रहा चोरी का सामान कबाड़ियों तक :** स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, चोरी की वारदातों में सक्रिय अपराधी सीधे कबाड़ियों से संपर्क करते हैं और चोरी का सामान यहां खपाया जाता है। इसके बाद यह सामान बड़े व्यापारी या अन्य ग्राहकों तक पहुंचाया जाता है। कुछ मामलों में तो बिना किसी दस्तावेज के बाइक और चारपहिया वाहन तक कबाड़ी दुकानों में मिल जाते हैं। कई बार वाहन मालिक जब अपनी गुमशुदा गाड़ियों की तलाश करते हैं, तो उनके कुछ हिस्से इन्हीं कबाड़ी दुकानों में मिलते हैं। यह साबित करता है कि शहर में कबाड़ी दुकानों के जरिये अवैध व्यापार चरम पर है।



**प्रशासन की चुप्पी पर उठ रहे सवाल:** स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पुलिस और प्रशासन को इस गोरखधंधे की पूरी जानकारी है, लेकिन किसी भी प्रकार की ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही। सवाल यह उठता है कि क्या प्रशासन की इस चुप्पी के पीछे कोई मिलीभगत है? जब इस मामले को लेकर अधिकारियों से सवाल किए गए, तो उन्होंने गोलमोल जवाब देकर इसे टालने की कोशिश की। वहीं,कई पुलिसकर्मी यह कहकर बचते नजर आए कि इस संबंध में कोई ठोस शिकायत नहीं मिली है।

**सोशल मीडिया और स्थानीय मीडिया में उठा मामला, फिर भी निष्क्रिय प्रशासन:** कबाड़ का यह अवैध कारोबार अब सोशल मीडिया और स्थानीय मीडिया में भी चर्चा का विषय बन गया है। कई बार इस मामले को उजागर किया गया, लेकिन इसके बावजूद प्रशासन कोई सख्त कदम नहीं उठा रहा है। नागरिकों का आरोप है कि जब तक प्रशासन सख्त कार्रवाई नहीं करेगा,तब तक यह गोरखधंधा इसी तरह चलता रहेगा।




**नागरिकों की मांग, अवैध कबाड़ी दुकानों पर छापेमारी और कानूनी कार्रवाई हो:** स्थानीय नागरिकों और समाजसेवियों ने प्रशासन से मांग की है कि कबाड़ी दुकानों की सघन जांच की जाए और जो दुकानें बिना लाइसेंस के संचालित हो रही हैं, उन्हें तत्काल बंद किया जाए। चोरी का सामान खरीदने और बेचने वाले लोगों पर भी सख्त कानूनी कार्रवाई हो ताकि इस अवैध व्यापार पर पूरी तरह से लगाम लगाई जा सके। अब सवाल यह उठता है कि प्रशासन इस गंभीर मुद्दे को हल करने के लिए कोई ठोस कदम उठाएगा या फिर इसी तरह अपराधियों को खुली छूट मिलती रहेगी?

## परसवाड़ा में 22 दुकानदारों के साथ धोखाधड़ी



### तीन साल पहले दुकानें तोड़कर कॉम्प्लेक्स का वादा, आज तक नहीं मिली नई जगह

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट के परसवाड़ा में तीन साल पहले 22 दुकानदारों की दुकानें तोड़ दी गईं। पंचायत ने सिर्फ एक दिन का नोटिस देकर यह कार्रवाई की थी। दुकानदारों को वादा किया गया था कि 6 महीने में नए कॉम्प्लेक्स में दुकानें दी जाएंगी।

नए कॉम्प्लेक्स का निर्माण शुरू से ही विवादों में रहा है। यह परसवाड़ा ग्राम पंचायत में बन रहा है, लेकिन निर्माण की जिम्मेदारी खरपड़िया ग्राम पंचायत को दी गई। दो मंजिला कॉम्प्लेक्स की पहली मंजिल का काम अभी भी अधूरा है। ग्राउंड फ्लोर तैयार है, लेकिन दुकानों का आवंटन नहीं हुआ है।

दुकानदारों की स्थिति दयनीय है। कुछ फुटपाथ पर दुकान लगा रहे हैं तो कुछ ने व्यापार ही बंद कर दिया है। फुटपाथ पर दुकानें लगने से यातायात प्रभावित हो रहा है। दुकानदारों की बिक्री भी पहले से काफी कम हो गई है।

फल विक्रेता प्रमोद बिठले की कहानी इस समस्या को बयां करती है। उनकी दुकान तीन थानों की पुलिस की मौजूदगी में तोड़ी गई थी। पहले वे फल के साथ अंडे, पान और बेकरी का सामान भी बेचते थे। अब ठेले पर सीमित व्यापार करने को मजबूर हैं। छह सदस्यों के परिवार का पालन-पोषण मुश्किल हो रहा है।

दुकानदारों की मांग है कि जिनकी दुकानें तोड़ी गई हैं, उन्हें तैयार कॉम्प्लेक्स में जल्द से जल्द दुकानें आवंटित की जाएं।

इस मामले में जनपद पंचायत सीईओ डी.आर. ऊईके बताते हैं कि अभी उन्हें जॉइन किए ज्यादा समय नहीं हुआ है, जिससे इस पर वह कुछ नहीं बोल सकते।

वहीं सरपंच गायत्री कुम्भरे का कहना है कि वह बीमार हैं। पंचायत सचिव महेश मरकाम बताते हैं कि कॉम्प्लेक्स का वितरण अगले महीने होगा। इसमें ई-ऑक्शन के जरिए इसका वितरण किया जाएगा।

### बालाघाट में आध्यात्मिक अनुभव का आयोजन : विनोद कारडा

## वैनगंगा के पावन तट बालाघाट नगरी में हरेमाधव सत्संग



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में 25 मार्च को हरेमाधव सत्संग का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सतगुरु भगती की प्यासी जीवात्माओं को पावन सतगुरु साईं ईश्वर शाहजी के दर्शन का लाभ मिलेगा। यह आयोजन आर एस एस ग्राउंड, सरस्वती स्कूल के पीछे, ड्रीम्स होंडा सर्विस सेंटर के बाजू में, बालाघाट में होगा।इस आयोजन में शोभायात्रा का आयोजन भी किया जाएगा, जो 25 मार्च को सुबह 11 बजे गुरुनानक पब्लिक हॉल के सामने, तथा शाम 6:00 बजे से अमृतवाणी की वर्षा सत्संग प्रवचन के माध्यम से सरस्वती नगर आईएस ग्राउंड सरस्वती स्कूल के पीछे ड्रीम्स होंडा सर्विस सेंटर के बाजू में होने जा रहा है जिसमें हरे माधव सत्संग समिति द्वारा समस्त संगतों से विनम्र निवेदन है कि हरेमाधव सत्संग एवं पावन सतगुरु दर्शन का लाभ उठा मानव जीवन संवारें एवं अपने साथ मित्र रिश्तेदारों को भी इस पावन अवसर पर संग साथ ले हरिराया सतगुरु मेहर कृपा की अमृत वर्षा में भीगें।जानकारी देते हुए हरे माधव सत्संग समिति के अध्यक्ष विनोद कारडा ने बताया कि हरेमाधव सत्संग समिति शाखा बालाघाट द्वारा इस आयोजन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। सत्संग उपरांत लंगर प्रसाद की भी व्यवस्था की गई है।



### जिला अस्पताल में सांसद के साथ भाजयुमो ने भगत सिंह की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

## आजादी के लिए प्राण न्यौछावर करने वाले बलिदानियों को किया नमन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

रविवार को जिला मुख्यालय सहित जिलेभर में बलिदानी भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव का बलिदान दिवस मनाया। जिला अस्पताल परिसर में स्थित बलिदानी भगत सिंह की प्रतिमा पर लोगों ने माल्यार्पण कर स्वतंत्रता की लड़ाई में उनके क्रांतिकारी योगदान को याद किया। इस दौरान सांसद भारती पारधी विशेष रूप से मौजूद रहीं। उन्होंने बलिदानी भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शों को याद किया। कार्यक्रम में भारतीय जनता युवा मोर्चा के पदाधिकारियों व सदस्यों ने भी बलिदानी भगत सिंह को याद करते हुए सांसद भारती पारधी से भगत सिंह की प्रतिमा के साथ सुखदेव और राजगुरु की प्रतिमा भी स्थापित करने की मांग रखी। भाजयुमो के नगर अध्यक्ष जैनेंद्र कटरे ने बताया कि वर्तमान में भगत सिंह की प्रतिमा अस्पताल परिसर के अंदर है, लेकिन राहगीर प्रतिमा नहीं देख पाते हैं। इसे लेकर भाजयुमो ने पिछले वर्ष यह मांग रखी थी। पूर्व जिलाध्यक्ष गजेंद्र भारद्वाज, नगर अध्यक्ष जैनेन्द्र कटरे व उनके पूरे युवा साथियों ने मांग को दोहराते हुए सांसद भारती पारधी के सामने भगत सिंह की प्रतिमा के साथ सुखदेव और राजगुरु की प्रतिमा भी स्थापित करने का प्रस्ताव रखा। साथ ही तीनों प्रतिमाओं को ऐसे स्थान पर स्थापित रखने का सुझाव दिया, जिससे आम राहगीर उन प्रतिमाओं को देख सकें और प्रेरणा ले सकें। इस प्रस्ताव पर सांसद ने हर्ष जताते हुए अगले वर्ष बलिदान दिवस पर तीनों महान बलिदानियों भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु की प्रतिमा अस्पताल परिसर में उचित स्थान पर लगाने का आश्वासन दिया। जिला अस्पताल में माल्यार्पण कार्यक्रम के दौरान सांसद भारती पारधी, नपा अध्यक्ष भारती ठाकुर, भाजपा की वरिष्ठ नेत्री लता एलकर, पूर्व नपाध्यक्ष रमेश रंगलानी, भाजयुमो पूर्व जिलाध्यक्ष गजेन्द्र भारद्वाज, नगर (उ) अध्यक्ष रमाकांत डाहके, गणेश अग्रवाल, यशवंत लिल्हारे, सोंधी सर, विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष यज्ञेश लालू चावड़ा, सुशील ठाकुर, मोनिल जैन, जीतू राजपूत, भाजयुमो नगर अध्यक्ष जैनेंद्र कटरे, संजू वराड़े, दीपक लिल्हारे, हिमांशु चौकसे, सोनू कसार, सिद्धार्थ वाजपेई, रंजीत गोयल, जय गिरी, जसप्रीत नरड़े, विजय धामड़े, राहुल जैमी सहित युवा मोर्चा के अन्य साथी मौजूद रहे।



### वाट्सअप ग्रुप के माध्यम से समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान

## सोशल मीडिया में भी ग्राम प्रधान सक्रिय

**मॉर्निंग वॉक में वार्डवासियों से वन टू वन चर्चा, ग्राम विकास के साथ -साथ जन-जन के हृदय में बना रहें है जगह, जिम वाला प्रधान सबसे आगे**







हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

औद्योगिक नगरी ग्राम गर्रा विकास की दौड़ में नित नय कीर्तिमान स्थापित कर रहा हैं। ग्राम प्रधान की सोशल मीडिया में बढ़ती सक्रियता से ग्रामीणों में प्रशंसता हैं। गर्रा परिवार ग्रुप में वार्डवासियों के द्वारा अगर समस्याएं बताई जाती हैं तो ग्राम प्रधान वैभव बिसेन के द्वारा तत्काल पंचायत विभाग के कर्मचारियों से समस्या का निराकरण ऑन द स्पॉट करवाते हैं। ग्राम प्रधान के द्वारा स्ट्रीट लाईट में हर पोल पर नंबर लिखवायें गये हैं। वार्डवासी पोल क्रमांक की फोटो खिंचकर ग्रुप में डालते हैं। तुरंत ही प्रधान एक्शन मोड में आकर नए बल्व लगाकर रोशनी की व्यवस्था करते हैं। वार्डों में कचरें की निकासी, नालियों की सफाई, निरंतर हो रही हैं। स्वच्छ गर्रा, सुंदर गर्रा कहते हुए पंचायत भवन में लगे सेल्फी प्वाईंट पर फौवारे के साथ सेल्फी लेते आनन्दित हो रहें है। ग्राम प्रधान की मॉर्निगं वॉक ग्रुप पर वायरल होती हैं। वार्डवासी वन टू वन ग्राम प्रधान से चर्चा कर लेते हैं। अन्य पंचायतों में हम देखते हैं वार्डवासी ग्राम सरपंच से मिलना चाहते हैं, दरवाजे पर परिजन कहते हैं, सरपंच साहब अभी सो रहे हैं, सरपंच अभी नहा रहें है, चार घंटे के बाद मिलेंगे। अन्य पंचायतों के ग्रामीणों ने हमें बताया कि ग्राम गर्रा का प्रधान सबसे अच्छा हैं। वह सड़कों पर ग्रामीणों से चर्चा करते हुए समस्याओं का समाधान ऑन द स्पॉट कर देते हैं। वैभवसिंह की कार्यप्रणाली, कार्य के प्रति सक्रियता, जनचर्चा का विषय क्षेत्र में बनी हुई हैं। ग्राम प्रधान ग्राम विकास को गति देने के साथ-साथ जन जन के हृदय में जगह बनाने में सफल हो रहें हैं। ग्राम प्रधान की टीम में जुड़े हुए कार्यकर्ता डॉ अशोक गुप्त, सलीम शाह, मोनू भगत, जयराम ठाकरे, वार्ड पंच श्रीमती जुबेदा शाह, श्रीमती पुष्पा मिश्रा, विपतराव कोरे, रामकिशोर बिसेन, राजा ठाकरे, प्रेमचंद बड़गे, कपिल झारिया सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने उनकी सक्रियता तथा कार्य करने की क्षमता पर बधाई प्रेषित की हैं।



## वैनगंगा नदी में मिला लापता वनकर्मी का शव



### पुल से मिला हेलमेट; एसडीईआरएफ ने बाइक के साथ निकाला शव

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में वनविभाग के दक्षिण सामान्य में वाहन चालक के पद पर कार्यरत 62 वर्षीय रनवत खोहरे का शव वैनगंगा नदी से बरामद किया गया है। रनवत शनिवार की शाम से लापता थे।

रनवत शनिवार को दोपहर में भोजन के बाद एकोड़ी में बन रहे अपने मकान को देखने गए थे। शाम 7:30 से 8 बजे के बीच उन्होंने अपने बेटे से फोन पर बात की थी। देर रात तक घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने कोतवाली पुलिस में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई।

रविवार को परिजनों को छोटे पुल पर रनवत का हेलमेट मिला। सूचना मिलने पर पुलिस ने एसडीईआरएफ और होमगार्ड के गोताखोरों की मदद से तलाशी अभियान शुरू किया। टीम ने पहले नदी से उनकी बाइक बरामद की और एक घंटे बाद शव मिला।

मृतक के बड़े भाई सोहनसिंह को सुबह पुणे में रहने वाली बहन से रनवत के लापता होने की जानकारी मिली थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है कि रनवत का वाहन बेकाबू होकर नदी में गिरा या किसी वाहन की टक्कर से दुर्घटना हुई। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।

### मोहगांव ध. में मानव धर्म का भव्य सेवक सम्मेलन 26 को

लालबर्रा। नगर मुख्यालय से 10 किमी. दूर स्थित ग्राम पंचायत मोहगांव ध. के दशहरा मैदान में परम पूज्य परमात्मा एक सेवक मंडल नागपुर के आदेशानुसार मानव धर्म का भव्य सेवक सम्मेलन का आयोजन 26 मार्च बुधवार की प्रातः 7 से 8.30 बजें तक सामूहिक हवन कार्य, सुबह 9 बजें से 12 बजें तक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी वहीं दोपहर 12 बजें से 1 बजें तक उद्घाटन एवं स्वागत तत्पश्चात दोपहर 1 बजें से शाम 5 बजें तक चर्चा बैठक, भोजन एवं भजन कार्यक्रम के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। उक्ताशय की जानकारी देते हुए मोहगांव धपेरा मार्गदर्शक फूलचंद बरैया ने बताया की परम पूज्य परमात्मा एक सेवक मंडल नागपुर के सौजन्य से भव्य सेवक सम्मेलन का आयोजन किया गया है आयोजित यह कार्यक्रम शारीरिक व आर्थिक दुखों से पीड़ित गरीब मानव को एक परमेश्वर का परिचय देने वाले तथा अंधश्रद्धा बुरे व्यसनों से मुक्त करने की शिक्षा से सुखमय मानवीय जीवन जीने की प्रेरणा देने वाले मानव धर्म के संस्थापक महान त्यागी बाबा जुमदेवजी के आदेशानुसार यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

## किसानों के खेतों को नहर से नहीं मिल रहा पर्याप्त पानी, आक्रोशित किसानों ने घेरा एथेनॉल प्लांट

### अनुमति से अधिक नहर से पानी ले रहा एथेनाल प्लांट

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत बासी में स्थित एथेनॉल प्लॉंट द्वारा की जा रही मनमानी को लेकर ग्रामीणों ने शनिवार को बासी प्लांट के पास से बहने वाली नहर एवं एथेनाल प्लांट में पहुँच कर सिंचाई विभाग के अधिकारियों के सामने विरोध प्रदर्शन कर समस्या का समाधान निकालने के लिए कठोर कदम उठाने की बात कही और समस्या का समाधान नहीं निकलने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दे डाली। इस दौरान किसानों की सिंचाई विभाग एवं एथेनॉल प्लांट के अधिकारियों से गरमागरम बहस हो गई। एक स्थिति ऐसी आ गई थी कि अधिकारियों व किसानों के बीच हाथापाई भी हो सकती थी, लेकिन किसान नेताओं ने समझदारी का परिचय देकर अप्रिय स्थिति को टाल दिया।

ग्रामीणों ने विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए बताया कि वर्तमान में रबी की फसलें खेतों में लगी हुई हैं। उनके खेतों तक पानी नहीं पहुँचने से काफी दिक्कते बन रही हैं, फसल पानी की कमी के कारण सूखने के कगार पर हैं। इस क्षेत्र के लगभग 20 से 25 ग्रामों की करीब 400 एकड़ जमीन में लगी फसलें पानी की कमी के कारण प्रभावित हो रही हैं। जिससे करीब 4 हजार किसानों को नुकसान होने की संभावना जताई जा रही हैं।

वहीं दूसरी ओर सिंचाई विभाग द्वारा एथेनाल प्लांट बासी को कुछ शर्तो के साथ राजीव सागर परियोजना की नहरों से पानी लेने की अनुमति प्रदान की गई हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सिंचाई विभाग ने एथेनॉल प्लांट बासी को नहरों से मात्र 840 क्यूबिक मीटर पानी निकालने की अनुमति प्रदान की गई हैं, लेकिन एथेनॉल प्लांट द्वारा 20 से 25 एच पी की मोटर लगाई गई हैं, जो प्रति 1 मिनट में 2 हजार क्यूबिक लीटर तक पानी निकालने की क्षमता रखती है।

इस सबंध में भाजपा नेता मूरत सिंह पारधी ने मीडिया से चर्चा करतु ए कहा कि राजीव सागर परियोजना को बने 12 साल हो गए हैं, 3 वर्ष पहले तक किसानों को पर्याप्त पानी मिल रहा था। लेकिन जब से एथेनॉल प्लांट लगा हैं, तभी से किसानों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा हैं। इस कारण लगभग 20 से 25 ग्राम पंचायतें प्रभावित हो रही हैं। जिसमें तीन से चार हजार किसानों की 400 एकड़ में लगी फसलें प्रभावित हो रही हैं।



**कार्या. ग्राम पंचायत मोहगांव(ध.) , जप लालबर्रा**

क्र./क्यू/2025 //बाजार नीलामी सूचना// दिनांक 21/03/2025

आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मोहगांव (ध.) के अधीन साप्ताहिक बैठकी व मवेशी बाजार की नीलामी वर्ष 2025-26 अर्थात अवधि 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक एक वर्ष के लिये मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम की धारा 80 (फीस संग्रहण का पट्टा), 1995 नियम एवं नीलामी शर्तों के अध्याधीन रहते हुए नीलाम किया जाना है, बकायादार को प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष रूप से बोली लगाने का अधिकार नहीं रहेगा। साथ ही पंचायत के पदाधिकारियों को बोली लगाने का अधिकार नही रहेगा। यह नीलामी दिनांक 27/03/2025 दिन गुरुवार को दोपहर 12 बजे से ग्राम पंचायत भवन मोहगांव (ध.) में की जायेगी एवं उक्त तिथि को अपरिहार्य कारणों से नीलामी न होने पर दिनांक 28/03/2025 दिन शुक्रवार को पुनः नीलामी निर्धारित समय पर की जायेगी। भारतीय स्टाम्प अधिनियम 1899 के तहत स्टाम्प ड्यूटी (मुद्रांक शुल्क) नीलामी की राशि पर नियमानुसार देय होगा।

टिप - नीलामी कार्रवाई से संबंधित सभी नियम व शर्तें कार्यालय समय पर ग्राम पंचायत कार्यालय के सूचना बोर्ड में देखे जा सकते हैं।

डीजनलाल दशरिये, सचिव ग्रा. पं. मोहगांव(ध.) | आर.एल.नगपुरे, उपसरपंच ग्रा. पं. मोहगांव(ध.) | श्रीमती हिरकन नगपुरे, सरपंच ग्रा. पं. मोहगांव(ध.)